रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 15 अक्टूबर, 2026

वर्ष 02 | अंक 244 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

देश में थोक महंगाई 5 महीने में सबसे ज्यादा

● खाने-पीने की चीजें महंगी होने का असर, फुटकर महंगाई में भी तेजी



नई दिल्ली (एजेंसी)। थोक महंगाई सितंबर में बढ़कर 11.39 फीसदी पहुंच गई है। सरकार ने कल 14 अक्टूबर को ये आंकड़े जारी किए। यह पांच महीने में सबसे ज्यादा है। अगस्त में यह 9.92 फीसदी थी। थोक महंगाई बढ़ने की वजह खाने-पीने की चीजें, फ्यूल, पावर और मैन्युफैक्चर्ड प्रोडक्ट्स का महंगा होना है। सितंबर में रिटेल महंगाई भी बढ़कर 5.54 फीसदी पर पहुंच गई है। अगस्त में यह 4.82 फीसदी थी। थोक महंगाई दर 11.39 फीसदी होने का मतलब यह है कि जो सामान पिछले साल इस समय थोक बाजार में 100 का मिल रहा था, वह आज लगभग 111.39 का है। ये आंकड़े नए बेस ईयर के मुताबिक हैं। सरकार ने 15 जून 2026 को जीडीपी का नया बेस ईयर 2022-23 लागू किया था। इसने पुरानी 2011-12 की सीरीज की जगह ली है। सितंबर महीने में थोक महंगाई दर बढ़कर 11.39 फीसदी पर पहुंच गई, जो कि अगस्त में 9.92 फीसदी दर्ज की गई थी।

खाने-पीने की चीजों में तेजी, ईंधन व बिजली क्षेत्र में उछाल

खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अगस्त के 7.05 फीसदी के आंकड़े से उछलकर सितंबर में 8.66 फीसदी दर्ज हुई। फ्यूल और पावर सेक्टर में महंगाई दर अगस्त के 22.93 से तेजी से बढ़कर 25.85 फीसदी पर पहुंच गई। प्राइमरी आर्टिकल्स (कच्चा सामान) की महंगाई दर अगस्त के 7.76 से बढ़कर सितंबर में 8.67 फीसदी हो गई। मैन्युफैक्चर्ड प्रॉडक्ट्स की महंगाई दर अगस्त के 8.37 से बढ़कर 9.76 फीसदी हो गई। पेट्रोल-डीजल, खाने-पीने की वस्तुएं, क्रूड ऑयल, गैस, कोयला और टेक्सटाइल में सबसे ज्यादा तेजी रही। जब भी सरकार महंगाई नापती है, तो वह किसी एक पुराने साल को 'पैमाना' मान लेती है, ताकि उससे तुलना करके पता चल सके कि आज चीजें कितनी महंगी हुई हैं। सरकार ने 2022-23 को नया पैमाना यानी बेस ईयर बनाया है। इसका मतलब है कि आज के सामानों की कीमतों की तुलना 2022-23 के दामों से की जा रही है।

100 साल का होते ही वकील पीबी मेनन को तोहफा

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल हाई कोर्ट ने अनुभवी वकील 100 साल के पी बालासुब्रमण्यन मेनन को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया है। मेनन के नाम एक प्रैक्टिसिंग वकील के तौर पर सबसे लंबे करियर का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। उन्हें यह सम्मान उनके 10 अक्टूबर को 100वें जन्मदिन से ठीक एक दिन बाद मिला है। हाईकोर्ट ने सोमवार यानी 11 अक्टूबर को पीबी मेनन को 12 अक्टूबर से सीनियर एडवोकेट के तौर पर नियुक्त किया।

2023 में, 97 साल की उम्र में मेनन ने सबसे लंबे समय तक वकालत करने वाले वकील के तौर पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी जगह बनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके 100वें बर्थडे पर बधाई संदेश भेजा है।

100 साल के पीबी मेनन की लाइफ में रिटायरमेंट नहीं- द हिंदू की एक रिपोर्ट के अनुसार, पीबी मेनन की जिंदगी में रिटायरमेंट या रिटायर होने जैसी कोई चीज नहीं है।

पीएम मोदी से आज मिलेगा एशियाड का भारतीय दल

● प्रधानमंत्री खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ से करेंगे बातचीत



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल गुरुवार को हाल ही में संपन्न हुए आइची-नागोया एशियन गेम्स में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह कार्यक्रम दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में शाम करीब 4.30 बजे आयोजित होगा। इस अवसर पर पीएम संबोधित भी करेंगे।

501 खिलाड़ियों के दल ने लिया था हिस्सा

भारत ने इन खेलों के लिए कुल 501 खिलाड़ियों का दल भेजा था। इनमें से 310 खिलाड़ी पहली बार एशियाई खेलों में हिस्सा लेने पहुंचे थे। प्रधानमंत्री के साथ होने वाले इस कार्यक्रम में भारतीय दल के खिलाड़ी, उनके प्रशिक्षक और सहयोगी स्टाफ शामिल होंगे। इसके अलावा भारतीय ओलंपिक संघ के पदाधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करेंगे और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों से संवाद करेंगे।

यूथ प्रोटेस्टर्स को साथ लाए राहुल

पुलिस पर लगाए आरोप

● छात्रा बोली-प्राइवेट पार्ट पर मारा, युवक ने कहा-गुंडों के कहने पर हिरासत में लिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई का सामना करने वाले नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं का समर्थन किया है। राहुल गांधी ने एनएसयूआई से जुड़े कार्यकर्ताओं की पिटाई का आरोप लगाते हुए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा।

राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी और शाह भारत की आवाज के खिलाफ खड़े हैं। राहुल गांधी एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ताओं और प्रदर्शनकारियों के साथ मीडिया के सामने आए। इन सभी को दिल्ली में मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा पीटे जाने का आरोप है। राहुल गांधी ने कहा, जैसा कि मैंने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, अपने चारों ओर देखिए। यह



भारत है। अमित शाह जी, इसे ध्यान से देखिए, यहां कोई हिंदू, कोई मुसलमान, कोई जाति, कोई महिला या कुछ और नहीं है। यहां सिर्फ एक आवाज, एक विरोध है और वह भारत की आवाज है।

वीडियो रिकॉर्डिंग रखें और सबूत हमें भेजें: राहुल

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, मेरी सलाह है, इस आवाज के खिलाफ खड़े ना हों। कोई भी इस आवाज के खिलाफ नहीं टिक सकता। मैंने सभी छात्रों से कहा है कि वे वीडियो रिकॉर्डिंग रखें और वह सबूत हमें भेजें। जब यह पूरा मामला खत्म हो जाएगा, तो हम उन सभी सबूतों का इस्तेमाल करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन लोगों को सजा मिलनी चाहिए, उन्हें सजा मिले- चाहे वह पीएम नरेंद्र मोदी हों, ज्ञानेश कुमार हों, अमित शाह हों या फिर वे कॉन्स्टेबल ही क्यों न हो जो हमारे बच्चों पर हाथ उठा रहा है। राहुल गांधी ने इस दौरान केरल की निवासी और दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा आथिरा का उल्लेख करते हुए दावा किया कि पुलिस कार्रवाई के कारण उसके एक कान की सुनने की क्षमता चली गई है। उन्होंने कहा, केरल की आथिरा के एक कान की सुनने की क्षमता चली गई है। उसके कान पर चोट मारी गई थी और अब वह उस कान से सुन नहीं सकती। कांग्रेस नेता ने कहा, पिछली बार मैंने आपको एक लड़का दिखाया था जिसकी आंखों की रोशनी चली गई थी। अब आथिरा एक कान से सुन नहीं सकती।

भारत में इजरायल फ्लाइट जैसा खौफ, जयपुर में इमर्जेंसी लैंडिंग

हाईजैक का इमरजेंसी अलर्ट, अटक गई सांसें...

जयपुर (एजेंसी)। फ्लाईदुबई के कॉकपिट में भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार पर हुए जानलेवा हमले और हाईजैक की खौफनाक कोशिश की यादें अभी धुंधली भी नहीं पड़ी थीं कि बुधवार सुबह जयपुर में एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग ने सुरक्षा एजेंसियों के होश उड़ा दिए। जर्मनी (फ्रैंकफर्ट) से दिल्ली आ रही फ्लाइट संख्या एआई-2030 में अचानक हाईजैक/बम का कोड ट्रिगर होने के बाद हड़कंप मच गया



और विमान को आनन-फानन में जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपात स्थिति में उतारा गया। हुआ यूं कि जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई-2030 में अनहोनी की सूचना मिली थी। विमान के पायलट की ओर से इमरजेंसी अलर्ट बटन कोड 7500 दबाने पर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। यह बटन आपातकाल में ही दबाया जाता है। इससे पता चलता है कि विमान को हाईजैक कर लिया गया है।

हिंद महासागर में व्यापारिक पहुंच बढ़ाने की तैयारी

भारत हिंद महासागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय व्यापार तथा समुद्री संपर्क मजबूत करने के लिए अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह की रणनीतिक भूमिका बढ़ाने पर ध्यान दे रहा है। प्रस्तावित 'अंडमान संवाद 2027' में क्षेत्रीय देशों के बीच समुद्री बुनियादी ढांचे, व्यापारिक संपर्क और सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा महत्वपूर्ण हो सकती है। अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित है। यह जलमार्ग एशिया और दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों के बीच समुद्री व्यापार का महत्वपूर्ण रास्ता है। इस भौगोलिक स्थिति के कारण द्वीपसमूह भारत की समुद्री सुरक्षा, व्यापारिक संपर्क और क्षेत्रीय रणनीति के लिए विशेष महत्व रखता है। यदि बंदरगाहों, जहाजरानी सुविधाओं, भंडारण, डिजिटल संपर्क और माल परिवहन की व्यवस्था मजबूत होती है, तो अंडमान-निकोबार क्षेत्रीय व्यापार के लिए उपयोगी केंद्र बन सकता है। इससे दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापारिक संपर्क बढ़ाने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को अवसर मिलने की संभावना है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु
दो दिवसीय आंध्र प्रदेश दौरे पर



रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

विजयवाड़ा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज दो दिवसीय दौरे पर विजयवाड़ा जाएंगी। इस यात्रा के दौरान उनके विभिन्न निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होने की संभावना है। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर स्थानीय प्रशासन और संबंधित एजेंसियों द्वारा आवश्यक तैयारियां की जाएंगी। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और निर्धारित कार्यक्रमों के सुचारु संचालन पर विशेष ध्यान रहेगा। राष्ट्रपति के इस दौरे से जुड़े कार्यक्रमों, उनकी समय-सारिणी और संभावित घोषणाओं का विस्तृत विवरण आधिकारिक जानकारी के आधार पर स्पष्ट होगा।

बृहत्तर भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में बृहत्तर भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत के साथ विभिन्न देशों के साथ उसके प्राचीन संबंधों पर चर्चा होने की संभावना है। इस आयोजन के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक परंपराओं, साझा विरासत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके ऐतिहासिक प्रभाव से जुड़े विषयों को प्रमुखता दी जाएगी। सम्मेलन में विद्वानों, विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों की भागीदारी के जरिए बृहत्तर भारत की अवधारणा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रधानमंत्री के संबोधन में भारत की सांस्कृतिक पहचान, वैश्विक संपर्क और सभ्यतागत विरासत से जुड़े मुद्दों पर विचार सामने आने की उम्मीद है। हालांकि, उनके भाषण के प्रमुख बिंदुओं और सम्मेलन में होने वाली घोषणाओं की जानकारी संबोधन के बाद ही स्पष्ट होगी।

मध्यावधि चुनाव के बाद हूतियों पर फिर बरसेंगे अमेरिकी बम?
ट्रंप की धमकी से बढ़ा तनाव

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यमन के हूती विद्रोहियों को कड़ी चेतावनी देते हुए संकेत दिया है कि मध्यावधि चुनाव तक इंतजार करने के बाद वह इस मामले को फिर उठा सकते हैं। ट्रंप ने हूतियों पर ईरान के समर्थन से हमले करने का आरोप लगाया और कहा कि अमेरिका ने पहले भी उनके खिलाफ बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई की थी।

ट्रंप के अनुसार, अमेरिका ने करीब एक साल पहले हूती ठिकानों पर भारी बमबारी की थी। हालांकि, बाद में हूतियों के अनुरोध पर हमले रोक दिए गए। अब ट्रंप के ताजा बयान ने संकेत दिया है कि यह मामला उनके एजेंडे से बाहर नहीं हुआ है और भविष्य में सैन्य कार्रवाई का विकल्प खुला रखा गया



है। हूती विद्रोही लंबे समय से लाल सागर और आसपास के समुद्री मार्गों में जहाजों को निशाना बनाने वाली गतिविधियों के कारण अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बने हुए हैं। इन हमलों ने वैश्विक व्यापार और समुद्री परिवहन की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अमेरिका और उसके सहयोगी देश इन्हें रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई भी कर चुके हैं।

ईरान पर हूतियों को हथियार और अन्य सहायता देने के आरोप लगते रहे हैं। हालांकि, ईरान और हूतियों के संबंधों तथा प्रत्येक हमले में ईरान की भूमिका का आकलन अलग-अलग तथ्यों के आधार पर किया जाना जरूरी है। ट्रंप की चेतावनी से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका है। यदि अमेरिका दोबारा बड़े पैमाने पर हमले करता है, तो इसका असर क्षेत्रीय सुरक्षा, तेल आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर पड़ सकता है। फिलहाल, आगे की कार्रवाई को लेकर अमेरिकी प्रशासन की आधिकारिक नीति पर नजर रहेगी।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में कुर्मी समाज
2027 में किसके साथ जाएगा निर्णायक वोट?

उत्तर प्रदेश। विधानसभा चुनाव 2027 की सियासी बिसात बिछने लगी है और कुर्मी समाज का समर्थन हासिल करने के लिए राजनीतिक दलों की रणनीति अहम होती जा रही है। पूर्वांचल से अवध और बुंदेलखंड तक कई क्षेत्रों में इस समुदाय की मौजूदगी चुनावी मुकाबलों का रुख प्रभावित कर सकती है।

सवाल यह है कि क्या भाजपा अपना प्रभाव बनाए रखेगी या समाजवादी पार्टी और अपना दल के राजनीतिक समीकरण कोई नया मोड़ लेंगे? कुर्मी मतदाताओं का प्रभाव मिर्जापुर, बस्ती, संत कबीर नगर, महाराजगंज, बाराबंकी, प्रतापगढ़, कौशांबी, बरेली और लखीमपुर खीरी सहित कई क्षेत्रों में माना जाता है। हालांकि, हर क्षेत्र में उनकी भूमिका एक जैसी नहीं है। स्थानीय उम्मीदवार, गठबंधन, विकास के मुद्दे और क्षेत्रीय नेतृत्व मतदान के रुझान को प्रभावित करते हैं। विधानसभा में कुर्मी समाज के लगभग 40 विधायकों और



लोकसभा में 11 सांसदों के चुने जाने के दावे राजनीतिक चर्चा में हैं। लेकिन इन आंकड़ों की आधिकारिक पुष्टि और दलवार विवरण जरूरी है, क्योंकि जातिवार निर्वाचित प्रतिनिधियों का कोई एकीकृत आधिकारिक आंकड़ा सहज उपलब्ध नहीं है। भाजपा ने पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर सामाजिक समीकरणों को साधने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी अपने कुर्मी नेताओं के जरिए पिछड़े वर्गों में पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। अपना दल के दोनों धड़े भी इस राजनीतिक आधार को अपने लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि कुर्मी समाज का समर्थन किसे मिलेगा? 2027 में इसका जवाब केवल जातीय गणित से नहीं, बल्कि उम्मीदवारों के चयन, राजनीतिक भागीदारी, स्थानीय समस्याओं और दलों के कामकाज से तय होगा। कुर्मी मतदाता किसी एक दल के स्थायी समर्थक नहीं हैं; यही स्थिति इस समुदाय को चुनावी राजनीति में महत्वपूर्ण बनाती है।

अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो छह महीने में
दूसरी बार आएंगे भारत

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो छह महीने के भीतर दूसरी बार भारत दौरे पर आने वाले हैं।

इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य भारत-अमेरिका के बीच ऊर्जा सहयोग मजबूत करना और रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना है। दौरे के दौरान रुबियो मुंबई और गुजरात के जामनगर में भारतीय



अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। बातचीत में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, निवेश और क्षेत्रीय रणनीतिक सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। भारत और अमेरिका के बीच बढ़ता सहयोग हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

रणजीत टाइम्स

झलकारी बाई के सम्मान में 30 साल पुरानी मांग को मिली मंजूरी, महापौर का किया अभिनंदन

कोली/कोरी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर को श्रीफल एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर जताया आभार



राजेश धाकड़

महावर नगर के उद्यान में प्रतिमा स्थापना की मांग पर भी बनी सहमति

इन्दौर । वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा स्थापना एवं उनके नाम पर चौराहे के नामकरण की वर्षों पुरानी मांग को आगे बढ़ाने के लिए कोली कोरी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव का महापौर सचिवालय पहुंचकर अभिनंदन किया। अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ एवं कोरी कोली समाज महापंचायत के संयुक्त तत्वावधान एवं झलकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली, कोरी कोली समाज महापंचायत के अध्यक्ष दिनेश वर्मा दानिश एवं महावर विचार मंच के अध्यक्ष नंदराम मेहर के नेतृत्व में महापौर सचिवालय में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिह्न (आभार एवं सम्मान पत्र) भेंट कर नगर निगम की नामकरण समिति में पारित प्रस्ताव के लिए समूचे समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश मावर उपस्थित रहे।

शिवपुरी: फिजीकल पुलिस ने पकड़ा अवैध देसी पटाखों का जखीरा, 660 पटाखे जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी। आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए जिले में अवैध रूप से पटाखों के निर्माण, बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फिजीकल पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अवैध रूप से ले जाए जा रहे 660 हाथ के बने देसी बड़े पटाखे जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त पटाखों की कीमत लगभग 20,000 रुपये बताई जा रही है।

मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई

दीपावली पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक यांगचैन डोलकर भूटिया के निर्देशों तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और सी.एस.पी. शिवपुरी के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 13 अक्टूबर 2026 को थाना प्रभारी निरीक्षक अविनाश राठौड़ को मुखबिर से अवैध पटाखों के परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर थाना फिजीकल में पदस्थ प्रधान आरक्षक अंजीत तिवारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

भागने की कोशिश कर रहा आरोपी पकड़ाया

कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम जब जाट होटल, करबला के सामने पहुँची, तो एक व्यक्ति हाथ में दो सफेद प्लास्टिक के कट्टे पकड़े खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को अपनी ओर आता देख उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन साथ मौजूद बल की मदद से उसे हिरासत में ले लिया गया। कट्टों की तलाशी लेने पर उनमें 66 पैकेटों में रखे कुल 660 हाथ के बने देसी बड़े पटाखे मिले। पटाखा परिवहन के संबंध में वैध लाइसेंस मांगने पर आरोपी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।



आरोपी का विवरण और कानूनी कार्रवाई

अवैध पटाखे जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 9(ख) भारतीय विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत मामला दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई है।

गिरफ्तार आरोपीः देवेन्द्र केवट (उम्र 23 साल), पुत्र नेपाल सिंह केवट, निवासी पारसोल, थाना ईशागढ़, जिला अशोकनगर।

सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई और आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक अवनीश राठौड़, उप निरीक्षक रामेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक अंजीत तिवारी, प्रधान आरक्षक विजय सेंगर, आरक्षक पुष्पेन्द्र राव तथा आरक्षक असलम खाना की मुख्य और सराहनीय भूमिका रही।

गोवंश वध के गंभीर प्रकरण में झाबुआ पुलिस की सख्त कार्रवाई

सलीम हुसैन

चार आरोपियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत निरोधात्मक कार्रवाई के आदेश जारी पांचवें आरोपी के विरुद्ध भी NSA की कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत

थाना मेघनगर क्षेत्र में गोवंश वध की गंभीर घटना के मामले में झाबुआ पुलिस द्वारा सख्त वैधानिक कार्रवाई की गई है। जिला दण्डाधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट द्वारा पुलिस अधीक्षक, झाबुआ देवेन्द्र पाटीदार के प्रतिवेदन पर प्रकरण में संलिप्त चार आरोपियों के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA), 1980 की धारा 3(2) के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। उक्त आदेश के तहत चारों आरोपियों को तीन माह की अवधि के लिए केंद्रीय जेल, इंदौर में निरुद्ध किए जाने के आदेश दिए गए हैं। वहीं, पांचवें आरोपी शैलेष मचार के विरुद्ध भी NSA के तहत कार्रवाई किए जाने हेतु आज प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।



घटना का विवरण

थाना मेघनगर क्षेत्र में दिनांक 08.10.2026 को गोवंश वध की घटना सामने आने पर थाना मेघनगर में अपराध क्रमांक 240/2026 धारा 325 भारतीय न्याय संहिता (BNS), धारा 4, 5 एवं 9 मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 2004 तथा धारा 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मेघनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई तथा मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में आरोपियों की गतिविधियों, घटना की गंभीरता तथा लोक व्यवस्था पर पड़ने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक, झाबुआ देवेन्द्र पाटीदार द्वारा जिला दण्डाधिकारी के समक्ष NSA के अंतर्गत निरोधात्मक कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर जिला दण्डाधिकारी द्वारा चार आरोपियों के विरुद्ध NSA के तहत कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, पांचवें आरोपी के विरुद्ध भी इसी अधिनियम के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

NSA के तहत कार्रवाई की जद में आए चार आरोपी

1. विशाल पिता राजेश डामोर, उम्र 29 वर्ष, निवासी आवास कॉलोनी, मेघनगर।
2. कालू पिता जोसिंग भूरिया, उम्र 25 वर्ष, निवासी छोटा घोसलिया, थाना मेघनगर।
3. राजेश पिता नारसिंह मचार, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम बेडावली, थाना मेघनगर।
4. मानसिंह पिता दल्ला हटिला, उम्र 25 वर्ष, निवासी कथ्था फैक्ट्री के पास, मेघनगर।

पांचवां आरोपी : शैलेष पिता भुण्डिया मचार, उम्र 26 वर्ष, निवासी बेडावली, थाना मेघनगर। इसके विरुद्ध NSA के तहत कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।

आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड

प्रकरण में संलिप्त आरोपी विशाल पिता राजेश डामोर निगरानी बदमाश है, जिसके विरुद्ध 09 अपराध पंजीबद्ध हैं। वहीं, आरोपी राजेश पिता नारसिंह मचार के विरुद्ध भी 03 अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड एवं प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की गई है।

गंभीर अपराधों के विरुद्ध झाबुआ पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी झाबुआ पुलिस द्वारा गोवंश वध सहित समाज में अशांति उत्पन्न करने तथा लोक व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गंभीर प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई, आरोपियों की गिरफ्तारी तथा कानून के प्रावधानों के अनुरूप निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कर जिले में शांति, सुरक्षा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखना झाबुआ पुलिस की प्राथमिकता।

सहजयोग आज का महायोग

सहजयोग और शक्ति पूजा : दिव्य शक्ति की अनुभूति

भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा में शक्ति पूजा का विशेष महत्व है। शक्ति को सृष्टि की मूल ऊर्जा, सृजन की आधारशिला और समस्त ब्रह्मांड की चेतना का प्रतीक माना गया है। सहजयोग इसी दिव्य शक्ति को अपने भीतर अनुभव करने का एक सहज और आध्यात्मिक मार्ग प्रस्तुत करता है।

यह केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मसाक्षात्कार, आंतरिक शांति और आत्मिक जागृति की एक सुंदर प्रक्रिया है। शक्ति पूजा का अर्थ केवल देवी की मूर्ति के सामने दीप प्रज्वलित करना या मंत्रों का जाप करना नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य अपने भीतर स्थित दिव्य शक्ति के प्रति श्रद्धा, समर्पण और जागरूकता विकसित करना है। माँ दुर्गा, माँ काली, माँ सरस्वती और माँ लक्ष्मी के विभिन्न स्वरूप शक्ति के अलग-अलग गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये स्वरूप हमें साहस, ज्ञान, करुणा, विवेक और सकारात्मकता का संदेश देते हैं। जब मनुष्य सच्चे हृदय से शक्ति की उपासना करता है, तो वह अपने जीवन में आध्यात्मिक अनुशासन, आत्मविश्वास और सद्भाव को स्थान देने का प्रयास करता है। सहजयोग की स्थापना परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी ने की थी। सहजयोग के अनुसार प्रत्येक मनुष्य के भीतर एक सूक्ष्म आध्यात्मिक ऊर्जा विद्यमान है, जिसे कुण्डलिनी शक्ति कहा जाता है। आत्मसाक्षात्कार के माध्यम से इस ऊर्जा के जागरण का अनुभव किया जा सकता है।



सहजयोग में ध्यान, आत्मनिरीक्षण और विचारों से परे शांति की अवस्था का विशेष महत्व है। जब साधक नियमित रूप से ध्यान करता है, तो वह अपने भीतर संतुलन, शांति और आत्मिक जागरूकता विकसित करने का प्रयास करता है। यह साधना व्यक्ति को स्वयं को समझने और अपने व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा देती है।शक्ति पूजा और सहजयोग एक सुंदर संगम शक्ति पूजा और सहजयोग का आध्यात्मिक संबंध आंतरिक चेतना और दिव्य ऊर्जा की अनुभूति में देखा जा सकता है। जहाँ शक्ति पूजा श्रद्धा और समर्पण का मार्ग दिखाती है, वहीं सहजयोग अपने भीतर स्थित शक्ति को अनुभव करने पर बल देता है। दोनों ही साधक को बाहरी आडंबर से आगे बढ़कर आध्यात्मिकता के वास्तविक अर्थ को समझने की प्रेरणा देते हैं।

सहजयोग और शक्ति पूजा का संदेश यही है कि दिव्यता की खोज केवल बाहरी संसार में नहीं, बल्कि अपने अंतर्मन में भी की जानी चाहिए। श्रद्धा, ध्यान, करुणा और आत्मसाक्षात्कार के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को अधिक शांतिपूर्ण, संतुलित और सार्थक बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। सच्ची शक्ति वही है, जो हमें अहंकार से मुक्त होकर प्रेम, विवेक और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे। सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से या sahajayoga.org.in से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है।

इंदौर ग्रामीण पुलिस का खुलासा

मोटरसाइकिल चोरी कर फरियादी से ही मांगे 48 हजार रुपये

देपालपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल और नकदी की बरामद

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। इंदौर जिले के देपालपुर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद उसे वापस करने के बदले फरियादी से ही रकम मांगने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और 48 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 7 अक्टूबर 2026 को फरियादी शिवनारायण मंडलोई चौधरी, उम्र 62 वर्ष, निवासी बिम्बाखेड़ी, अपनी मोटरसाइकिल लेकर देपालपुर क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान मर्खेड़ा रोड स्थित हड़बड़ी घाट के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी मोटरसाइकिल रोककर फरियादी को पकड़ लिया और मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए।

इसके बाद आरोपियों ने मोटरसाइकिल वापस देने के बदले फरियादी से 48 हजार रुपये की मांग की। मामले की शिकायत मिलने पर



पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

200 से 250 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के करीब 200 से 250 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और अन्य जानकारियों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और 48 हजार रुपये जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजेश चौहान, उम्र 42 वर्ष, निवासी करोदिया थाना किशनगंज, तथा शेखर जोगी, उम्र 33 वर्ष, निवासी करोदिया, थाना किशनगंज, जिला इंदौर के रूप में हुई है।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई

इस कार्रवाई में देपालपुर थाना प्रभारी मीना कावड़िया सहित पुलिस टीम के अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका रही। इंदौर ग्रामीण पुलिस ने मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की है।

रेडक्रास निर्वाचन अवैध रूप से कराया गया- प्रकाश रांका 670 सदस्यों में से मात्र 20 सदस्यों में चुनाव करवाये

सलीम हुसैन

झाबुआभारतीय रेडक्रास झाबुआ शाखा का निर्वाचन करवाया गया वह पूर्ण रूप से अवैध अलोकतांत्रिक और नियम विरूद्व तरीके से कराया गया है। उक्त आरोप वरिष्ठ समाजसेवी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने लगाया है उन्होने बताया कि निर्वाचन नियमों को ताक पर रखकर बिना सदस्यों को विधिवत सूचना दिये और बिना वैध मतदाता सूची के यह चुनाव कराया गया है जो रेडक्रास के संविधान और बायलॉज का खुला उल्लघन है।



श्री रांका द्वारा अवगत कराया गया कि तत्कालीन कलेक्टर वसीम अख्तर द्वारा आजीवन सदस्य बनाया गया था तथा उनके कार्यकाल में अनेक सामाजिक कार्य भी किये गये थें, वर्तमान में लगभग 670 से अधिक सदस्य है किन्तु उन्हे किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी गई सुचना के अभाव में मात्र 20 सदस्यों में निर्वाचन करवाया गया जो कि पूर्ण रूप से अवैध है ।

प्रमुख आपत्यिां प्रस्तुत कर अवगत कराया गया है कि -

1. निर्वाचन की सूचना सभी आजीवन सदस्यों को निर्धारित समय में नही दी गई ।
2. निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियमों का पालन नहीं किया गया । श्री रांका ने बताया कि यह एक सामाजिक संगठन है समाज सेवा के लिए बनाया गया है किन्तु वर्तमान में झाबुआ में इसे एक राजनीतिक विशेष दलों को लाभ पहुंचाने के उदद्वेश्य से निर्वाचन किया गया है। उक्त निर्वाचन तत्काल निरस्त कर नियमानुसार पारदर्शी तरीके से पुनः चुनाव कराने की मांग करता हूं । इस सबंध में कलेक्टर महोदय झाबुआ एवं राज्य स्तरीय रेडक्रास प्रबंधन को भी लिखित शिकायत आपत्ति प्रेषित की जा रही है।

मुख्यमंत्री जी ने विदिशा जिले की 271455 लाडली बहनों के खाते में अक्टूबर माह की राशि का अंतरण किया

धर्मेन्द्र गुप्ता- जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों एवं परियोजना कार्यालयों में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्रदेश की पात्र हितग्राही महिलाओं को अक्टूबर 2026 माह की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा जिला उमरिया में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से सिंगल क्लिक से किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से विदिशा जिले की 271455 महिलाओ के बैंक खातों में 39.80 करोड रुपये की राशि अंतरित की गई। इस दौरान जनपद पंचायत बासौदा की 40537, ग्यारसपुर की 24307, कुरवाई की 27343, लटेरी की 25548, नटेरन की 33169, सिरोंज की 36586,



विदिशा की 29352, नगरपालिका गंजबासौदा की 11954,सिरोंज की 8748, विदिशा की 25564, नगर परिषद कुरवाई की 2986, लटेरी नगर परिषद की 3332, शमाशावाद नगर परिषद की 2029 मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं के खाते मे राशि अंतरित की गई है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला विदिशा द्वारा जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों एवं परियोजना कार्यालयों में एक साथ कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई। विभिन्न आयोजन स्थलों पर विभागीय अधिकारियों, परियोजना अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं लाड़ली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं ने सहभागिता की।

ज्ञानेश कुमार पर नहीं हो सकता कोई एक्शन?

एक कानून पर सवाल; सुको करेगा फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों से जुड़ी एक और याचिका सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। इसमें साल 2023 के एक कानून की धारा 16 को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में सरकार से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट में ताजा याचिका ष्ठ्रकी तरफ से दाखिल की गई है, जिसपर अदालत सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसआईआर को लेकर जारी बवाल के बीच सुप्रीम कोर्ट बड़ी सुनवाई की तैयारी कर रहा है। यह सुनवाई उस कानून को लेकर कर रहा है, जिसमें पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों और आयुक्तों को कानूनी मामलों से राहत मिलती है। फिलहाल, अदालत ने इस संबंध में नोटिस जारी किया है और सरकार से जवाब मांगा है। साथ ही चुनाव आयोग से भी जवाब तलब किया गया है। सुप्रीम 2023 के एक कानून के उस प्रावधान की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए मंगलवार को सहमत हो गया, जो मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को उनके आधिकारिक कर्तव्यों को पूरा करने के दौरान किए गए कुछ कार्यों के लिए छूट प्रदान करता है।



किस कानून पर है सवाल

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने केंद्र और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी कर गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर उनका जवाब मांगा है।

एसआईआर प्रदर्शनों में पाकिस्तान की साजिश उजागर

नई दिल्ली, एजेंसी। एसआईआर के विरोध में दिल्ली में हो रहे विरोध प्रदर्शनों को एक बार फिर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार का हथियार बनाया जा रहा है। इस संबंध में अब तक चार एफआईआर दर्ज की गई हैं।

सीमा पार बैठे देशविरोधी तत्वों और पाकिस्तानी हैंडल्स ने भारत के सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने और देश के भीतर फर्जी नैरेटिव गढ़ने के लिए सोशल मीडिया को अपना मुख्य हथियार बना लिया है।

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई पूरी कोशिश कर रही है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ जाए, जिसका असर पूरे देश में हो। अब तक 500 से अधिक भ्रामक पोस्ट हटवाने के साथ ही दिल्ली पुलिस ने 100 से अधिक फेक हैंडल्स को रडार; पर ले रखा है।

सीजेआई सूर्यकांत के खिलाफ पोस्ट को लेकर याचिका दायर

राहुल गांधी-अखिलेश यादव का नाम भी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। सीजेआई सूर्यकांत पर केरल कांग्रेस की सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कांग्रेस, राहुल गांधी समेत कई नेताओं के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को लेकर कांग्रेस की एक सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। इसमें कांग्रेस पार्टी और अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है। याचिका में यह भी अनुरोध किया गया है कि लंबित मामलों के संबंध में किसी न्यायाधीश या मुख्य न्यायाधीश को निशाना बनाकर राजनीतिक दलों की ओर से चलाए जाने वाले सार्वजनिक अभियानों पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश बनाए जाएं।



बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, यह याचिका केरल कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल से 12 अक्टूबर को किए गए एक पोस्ट के बाद दाखिल की गई। याचिका में आरोप लगाया गया है कि इस पोस्ट के जरिए पद पर रहते हुए मुख्य न्यायाधीश पर दबाव बनाने की कोशिश की गई।

केरल कांग्रेस की पोस्ट में क्या कहा गया था?

केरल कांग्रेस के एक्स हैंडल से 12 अक्टूबर को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत को संबोधित करते हुए पोस्ट किया गया था, प्रिय सूर्यकांत, अगर कानून-व्यवस्था आपका विषय नहीं है, तो अभी इस्तीफा दे दीजिए। हम आपका विकल्प ढूंढ लेंगे, जो इसे संभाल सके। चिका में कहा गया है कि पोस्ट में मुख्य न्यायाधीश को उनके संवैधानिक पद के सम्मान के अनुरूप संबोधित नहीं किया गया और उनके नाम का इस्तेमाल करते हुए इस्तीफे की मांग की गई। याचिका के मुताबिक, मुख्य न्यायाधीश ने अदालत के बाहर न्यायिक विचाराधीन मामलों पर चर्चा करने से इनकार किया था। इसके बावजूद इस तरह की पोस्ट के जरिए उन पर दबाव बनाने की कोशिश की गई।

आशुतोष रांका को जन्मदिन के दिन भेजा जेल



नई दिल्ली, एजेंसी। जिंदगी के एक नए साल में कदम रखने का दिन जहां जश्न और खुशियों का होना चाहिए था, वहीं कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता आशुतोष रांका को जन्मदिन के दिन ही पांच दिन ही न्यायिक हिरासत की सजा मिली है। उनके साथ सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास को भी उतनी ही अवधि के लिए जेल भेज दिया गया है।

क्या है पूरा मामला?

सीजेपी के नेता आजिंक्य शिंदे के मुताबिक, सीजेपी के कार्यकर्ता जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण तरीके से इकट्ठा हुए थे। उन्होंने केवल भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और भारत माता की जय के नारे लगाए। लेकिन, दिल्ली पुलिस ने इसे अनधिकृत और नियमों के खिलाफ मानते हुए कड़ी कार्रवाई की। इस प्रदर्शन के चलते आशुतोष रांका और सौरव दास को गिरफ्तार कर पांच दिन के लिए जेल भेज दिया गया।

जंतर-मंतर की जगह 3 नए प्रदर्शन स्थलों पर भी मचा घमासान

नई दिल्ली, एजेंसी। धरना-प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर के बजाय रामलीला मैदान, सीबीडी ग्राउंड और बुराड़ी मैदान को चिह्नित करने के प्रस्ताव पर भी नागरिकों और व्यापारियों के बीच सहमति नहीं बन पा रही है।

उनका कहना है कि प्रदर्शन स्थलों का चयन ऐसी जगह किया जाना चाहिए, जहां रिहायशी आबादी, व्यापारियों और नौकरीपेशा



लोगों को परेशानी न हो। इसके लिए कम आवाजाही वाले स्थानों को प्राथमिकता देने की मांग की जा रही है।

रामलीला मैदान से कारोबार प्रभावित होने की आशंका- रामलीला मैदान को प्रदर्शन स्थल बनाने पर आसपास के कारोबार पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। यहां पास में कमला मार्केट समेत कई प्रमुख बाजार हैं। दिल्ली व्यापार महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहा कि धरना-प्रदर्शन के दौरान जाम लगने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। रामलीला मैदान में बार-बार प्रदर्शन होने से पूरे इलाके पर असर पड़ेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि मैदान में ट्रकों और बसों की पार्किंग होती है।

यूपी में सात IAS अफसरों का ट्रांसफर, धीरेन्द्र सिंह सचान को निदेशक पंचायती राज की कमान

लखनऊ : योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुधवार को सात आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। इस ट्रांसफर में खाली चल रहे निदेशक पंचायती राज के पद पर भी अधिकारी की तैनाती की गई है। ट्रांसफर के क्रम में चार सीडीओ का भी स्थानांतरण किया गया है। प्रदेश सरकार ने खाली चल रहे निदेशक पंचायती राज के पद पर तैनाती कर दी है। विशेष सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पद पर कार्यरत रहे धीरेन्द्र सिंह सचान को निदेशक को पंचायती राज के पद पर ट्रांसफर किया गया है। सीडीओ आजमगढ़ के पद से राकेश कुमार को विशेष सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पद पर तैनाती दी गई है। केडारकर कमल किशोर देशभूषण को मुख्य विकास अधिकारी मुज्जफरनगर से इसी पद पर आजमगढ़ भेजा गया है। प्रतिभा सिंह को मुख्य विकास अधिकारी को अपर आयुक्त आगरा मंडल के पद पर तैनाती मिली है।

अमित कुमार को एडीएम प्रशासन कानपुर देहात से मुख्य विकास अधिकारी आगरा नियुक्त किया गया है।

मेरठ के नीला ड्रम केस में मुस्कान-साहिल को फांसी की सजा, सौरभ की हत्या कर सीमेंट में जमा दिया था शव

मेरठ। चर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड में जिला जज अरविंद कुमार मिश्र की अदालत ने बुधवार को दोषी साहिल शुक्ला और मुस्कान रस्तोगी को मृत्युदंड की सजा सुनाई। दोनों को 30 सितंबर को हत्या के मामले में दोषी करार दिया गया था।

बुधवार को जिला कारागार से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये दोनों की पेशी हुई। अदालत ने सजा सुनाने से पहले दोनों के स्वास्थ्य और जेल की दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। इसके बाद सजा पर सुनवाई करते हुए दोनों को फांसी की सजा सुनाई।

सौरभ की मां रेणू और भाई बबलू ने



अदालत से दोनों दोषियों को मृत्युदंड देने की मांग की थी। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) केके चौबे ने भी पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर दोनों के लिए मृत्युदंड की मांग की थी। परिवार ने कहा था कि यदि उनकी मांग के अनुरूप फैसला नहीं आया तो वे हाईकोर्ट में अपील करेंगे। ब्रह्मपुरी के इंद्रानगर निवासी सौरभ राजपूत ने वर्ष 2016 में गौरीपुरा निवासी मुस्कान रस्तोगी से प्रेम विवाह किया था। वर्ष 2019 में पारिवारिक विवाद के बाद दोनों अलग हो गए थे। उसी साल मुस्कान ने बेटी पीहू को जन्म दिया, जो वर्तमान में अपने नाना-नानी के पास रहती है। इसी बीच मुस्कान की मुलाकात अपने स्कूल के सहपाठी और इंद्रानगर निवासी साहिल शुक्ला से हुई। सौरभ के विदेश जाने के बाद दोनों करीब आ गए। सौरभ के लौटने के बाद 24 फरवरी 2025 को उसकी हत्या की साजिश रची गई।



नवरात्र में साबूदाना या मखाना

कौन-सा है ज्यादा हेल्दी? जानें दोनों में अंतर

नवरात्रि में व्रत रखने वाले लोग अक्सर फलाहार में साबूदाना खिचड़ी, साबूदाना वड़ा और भुने हुए मखाने खाते हैं। ये दोनों ही लोकप्रिय विकल्प हैं, लेकिन जब बात सेहत और वजन को ध्यान में रखकर स्नैक चुनने की आती है, तो सवाल उठता है कि साबूदाना खाना बेहतर है या मखाना? साबूदाना और मखाना दोनों में ही कार्बोहाइड्रेट होता है, जो शरीर को ऊर्जा देता है। हालांकि, इनके पोषण में अंतर है। साबूदाना मुख्य रूप से स्टार्च यानी कार्बोहाइड्रेट का स्रोत है, जबकि मखाने में इसके साथ कुछ प्रोटीन, फाइबर और खनिज भी मिलते हैं। इसलिए स्नैक चुनते समय केवल कैलोरी नहीं, बल्कि उसमें मौजूद दूसरे पोषक तत्वों और उसे बनाने के तरीके पर भी ध्यान देना चाहिए।

न्यूट्रिशनिस्ट नंदिनी अग्रवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करके बताया है कि लोग मोटापा कम करने के लिए और डायबिटीज को नॉर्मल करने के लिए हद से ज्यादा मखाना खाते हैं जो सेहत पर नकारात्मक असर करता है। एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप मखाने को रोजाना स्नैक की तरह खाते हैं, खासकर डाइट या ऑफिस ब्रेक के दौरान तो आपके पाचन में दिक्कत हो सकती है। जिन लोगों को कब्ज की परेशानी है ऐसे लोग अगर मखाना का सेवन ज्यादा करें तो उनकी कब्ज की दिक्कत ज्यादा बढ़ सकती है।

फिटनेस एक्सपर्ट कृष अशोक बताते हैं कि आमतौर पर साबूदाना को लोग पौष्टिक डाइट मानते हैं जिसका व्रत में ज्यादा इस्तेमाल होता है लेकिन यह बात बिल्कुल भी सच नहीं है। अक्सर लोग व्रत के दौरान साबूदाने की खिचड़ी, टिक्की, पकौड़ी और खीर बनाकर सेवन करते हैं। साबूदाना को बेहद ही शुद्ध और सात्विक भोजन माना जाता है लेकिन अगर इसका सेवन जरूरत से ज्यादा किया जाए तो ये डायबिटीज को बढ़ा सकता है। एक्सपर्ट ने इसे कार्बोहाइड्रेट बम बताया है। यानी साबूदाना खाने के बाद ब्लड शुगर आसमान पर पहुंच जाएगा।

साबूदाना और मखाना किस में हैं कितने पोषक तत्व?

साबूदाना खासतौर से टैपिओका स्टार्च से बनाया जाता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट अधिक और प्रोटीन व फाइबर बहुत कम होता है। इस वजह से यह ऊर्जा देने वाला खाद्य पदार्थ है, लेकिन इसे अकेले खाने से शरीर को पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिलता और इसका ज्यादा सेवन ब्लड में शुगर का स्तर बढ़ा सकता है।

बात करें मखाना की तो ये एक प्रकार के जलीय पौधे के बीज से तैयार होता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट के साथ कुछ प्रोटीन, फाइबर और मैग्नीशियम व फॉस्फोरस जैसे खनिज भी पाए जाते हैं। इसे कम तेल में भूनकर खाने से एक बेहतरीन स्नैक तैयार किया जा सकता है

वजन कम करने वालों के लिए क्या बेहतर है?

अगर आप नवरात्रि में वजन कंट्रोल करना चाहते हैं तो आप कम तेल और सीमित मात्रा में भुने हुए मखाने का सेवन कर सकते हैं। मखाना वेट लॉस करने के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता हैं। आप साबूदाना का भी सेवन कर सकते हैं, लेकिन उसकी मात्रा और उसे बनाने के तरीके पर ध्यान देना जरूरी है। साबूदाना खिचड़ी में अगर ज्यादा घी, तेल, आलू या मूंगफली डाल दी जाए, तो उसकी कुल कैलोरी बढ़ सकती है। इसी तरह मखाने को ज्यादा घी, तेल, चीनी या अन्य कैलोरी वाले फ्लेवर के साथ खाने से ये भी अधिक कैलोरी वाला स्नैक बन सकता है। यह भी ध्यान रखें कि मखाना अपने आप वजन कम नहीं करता। वजन में बदलाव पूरे दिन की कुल कैलोरी, शारीरिक गतिविधि और खानपान की आदतों पर निर्भर करता है।

ब्लड शुगर के मरीजों के लिए कौन-सा बेहतर है?

डायबिटीज के मरीजों को व्रत में स्नैक चुनते समय खास सावधानी बरतना चाहिए। साबूदाना में कार्बोहाइड्रेट अधिक और फाइबर बहुत कम होता है, इसलिए इसका ज्यादा सेवन तेजी से ब्लड में शुगर का स्तर बढ़ा सकता है। मखाने में भी कार्बोहाइड्रेट होता है, इसलिए इसे पूरी तरह ब्लड शुगर के लिए सुरक्षित मानना सही नहीं है। इसकी मात्रा, साथ में खाए जाने वाले खाद्य पदार्थ और मेडिकल हिस्ट्री का भी ध्यान रखना जरूरी है। अगर आपको डायबिटीज है और आप नवरात्रि का व्रत रखना चाहते हैं, तो पहले डॉक्टर से सलाह लें। खासकर इंसुलिन या ब्लड शुगर कम करने वाली दवाएं लेने वाले लोगों को लंबे समय तक भूखे रहने से हाइपोग्लाइसीमिया यानी ब्लड शुगर बहुत कम होने का खतरा हो सकता है।

व्रत में साबूदाना और मखाना कैसे खाएं?

अगर आप नवरात्रि में फास्ट रख रहे हैं तो आप साबूदाना का सेवन खिचड़ी बनाकर कर सकते हैं लेकिन उसमें घी और तेल की मात्रा को सीमित रखें।

साबूदाने के साथ मूंगफली का इस्तेमाल अपनी जरूरत और सहनशीलता के मुताबिक करें।

एक बार में बहुत अधिक मात्रा खाने के बजाय सीमित मात्रा लें।

डायबिटीज होने पर अपने डॉक्टर की सलाह के अनुसार इसकी मात्रा का सेवन करें।

मखाना खाने का बेहतर तरीका

अगर आप फास्ट में मखाना खाना चाहते हैं तो मखाना कोकम घी या बिना तेल के भूनकर खाएं। ज्यादा ऑयली मखाना खाने से सीने में जलन और एसिडिटी बढ़ सकती है। स्वाद के लिए सीमित मात्रा में काली मिर्च का इस्तेमाल कर सकते हैं। बहुत ज्यादा नमक, चीनी या घी डालने से बचें। इसे हेल्दी स्नैक समझकर बार-बार न खाएं।



राफेल जोडर का शानदार प्रदर्शन जारी

शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले बने दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी

शंघाई । राफेल जोडर ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए लगातार तीसरे मैच में एक सेट गंवाने के बाद वापसी की और शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यह टूर्नामेंट इस सीजन के सबसे बड़े एटीपी मास्टर्स 1000 आयोजनों में से एक है। 20 वर्षीय जोडर ने नीदरलैंड्स के बोटिक वैन डी जैंडशल्प को 2 घंटे 30 मिनट तक चले मुकाबले में 6-7(4), 6-4, 6-2 से हराया। पहला सेट हारने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की और अगले दो सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ जोडर शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। शंघाई मास्टर्स के इतिहास में सबसे युवा क्वार्टर फाइनलिस्ट जैकब मेन्सिक हैं, जो 19 साल की उम्र में शंघाई मास्टर्स 2024 में अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। वैन डी जैंडशल्प ने मैच की शानदार शुरुआत की और पहले सेट में मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए। इसके बाद उन्होंने टाई-ब्रेक में बेहतरीन खेल दिखाते हुए शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, राफेल जोडर ने हार नहीं मानी और दूसरे सेट से अपनी लय पकड़नी शुरू की। धीरे-धीरे उन्होंने मैच पर नियंत्रण बना लिया और शानदार वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, यह उनका शंघाई में पहला टूर्नामेंट था।

इस जीत के साथ एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उनकी उम्मीदें भी मजबूत हो गई हैं। 20 वर्षीय जोडर एटीपी टूर पर अपना पहला पूरा सीजन खेल रहे हैं और इस साल उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 41-16 हो गया है।

पुरुष हॉकी टीम का ऐलान

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कृष्ण पाठक की वापसी

नई दिल्ली । हॉकी इंडिया ने मंगलवार को पंजाब में होने वाली 'एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026' के लिए भारतीय पुरुष टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जालंधर और मोहाली में खेला जाएगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह टीम की कमान संभालेंगे। उन्होंने जापान में हुए एशियन गेम्स में भारत को ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जिताया था, जहां टीम ने पहली बार अपने महाद्विपीय खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। टीम में उन खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है, जिन्होंने एशियन गेम्स में सफलता दिलाई थी।

इससे निरंतरता बनी रहेगी, क्योंकि भारत घरेलू मैदान पर एशिया के प्रमुख हॉकी देशों का सामना करने की तैयारी कर रहा है। गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक की वापसी हुई है, जबकि युवा डिफेंडर अमनदीप लकरा और मिडफील्डर आदित्य अर्जुन लालागे को सीनियर टीम में अपनी जगह मजबूत करने का एक और मौका मिला है। 18 सदस्यीय प्लेइंग स्क्वाड के अलावा मिडफील्डर विष्णु कांत सिंह और फॉरवर्ड अंगद बीर सिंह को दो रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर चुना गया है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'पंजाब में एसीटी खेलना कुछ खास होगा। इस टीम में युवा जोश और अनुभव का मेल है, और हम घरेलू दर्शकों के उत्साह का लाभ उठाने के लिए बेताब हैं। भारत में टूर्नामेंट खेलने जैसा कुछ नहीं है, और हमने इसे बहुत मिस किया है।'

यह टूर्नामेंट खास महत्व रखता है, क्योंकि इससे पंजाब में इंटरनेशनल हॉकी की वापसी हो रही है। इस राज्य ने खेल में बहुत बड़ा योगदान दिया है और कई पीढ़ियों तक शानदार खिलाड़ी दिए हैं।



भारतीय पुरुष हॉकी टीम

● **गोलकीपर :** सूरज करकेरा, कृष्ण बहादुर पाठक ● **डिफेंडर :** संजय, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमनदीप लकरा ● **मिडफील्डर :** राजिंदर सिंह, आदित्य अर्जुन लालागे, नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह ● **फॉरवर्ड :** शिलानंद लकरा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह ● **रिजर्व/रिप्लेसमेंट खिलाड़ी :** विष्णु कांत सिंह, अंगद बीर सिंह

हरमनप्रीत बोले-पहली बार मेरे पिता मुझे देखेंगे लाइव खेलते



नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि मेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 भारतीय टीम के लिए एक खास अवसर है। यह टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक पंजाब में खेला जाएगा और इसके साथ ही राज्य में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी होगी। भारत इस छह टीमों वाले टूर्नामेंट में मलेशिया, साउथ कोरिया, चीन, जापान और बांग्लादेश के साथ मुकाबला करेगा। टूर्नामेंट का आयोजन जालंधर और मोहाली में किया जाएगा। 2023 में चेन्नई में आयोजन के बाद यह दूसरी बार होगा जब भारत पुरुषों की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। हरमनप्रीत के लिए इस टूर्नामेंट का खास महत्व है क्योंकि भारतीय कप्तान को अपने गृह राज्य में परिवार के सदस्यों के सामने इंटरनेशनल मैच खेलने का मौका मिलेगा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'यह पूरी टीम के लिए खासकर पंजाब के खिलाड़ियों के लिए एक खास मौका होगा क्योंकि यह पहली बार है जब हम पंजाब में किसी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारत की जर्सी पहनकर खेलेंगे।'

हरमनप्रीत ने कहा, 'उम्मीद है कि मेरा पूरा परिवार स्टेडियम में मौजूद रहेगा और पहली बार मुझे एक साथ इंटरनेशनल मैच खेलते हुए देखेगा। इसमें मेरे पिता भी शामिल होंगे, जिन्होंने मुझे कभी स्टेडियम में बैठकर देश के लिए खेलते हुए नहीं देखा है।' हरमनप्रीत देश के पहले ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने लगातार दो एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम का नेतृत्व किया है।

इस टूर्नामेंट से भारतीय हॉकी में पंजाब के लंबे समय से चले आ रहे योगदान पर भी ध्यान केंद्रित होने की उम्मीद है। ग्रासरूट अकादमियों और गांवों के खेल के मैदानों से लेकर इंटरनेशनल मंच तक, इस राज्य ने देश के कुछ सबसे मशहूर खिलाड़ी दिए हैं, जिनमें उधम सिंह, बलबीर सिंह सीनियर, मनप्रीत सिंह और खुद हरमनप्रीत सिंह शामिल हैं।

खासकर जालंधर का इस खेल के इतिहास से गहरा नाता रहा है, जहां संसारपुर और मीठापुर जैसे इलाकों में हॉकी खेलने वाले समुदायों ने कई पीढ़ियों तक प्रतिभाओं को निखारा है। बर्ल्टन पार्क स्थित ओलंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक ओपनिंग सेरेमनी और लीग-स्टेज के मैच होंगे।

शिखर धवन इस टी20 लीग के खिलाफ लेंगे एक्शन, पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ नाम जोड़ने पर भड़के 'गब्बर'

नई दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज शिखर धवन ने वर्ल्ड टी20 कॉन्टिनेंट कप के ऑर्गनाइजर के खिलाफ लीगल एक्शन लेने का एलान किया है। धवन इस टूर्नामेंट में एशिया वॉरियर्स के लिए खेलने वाले थे। हालांकि, इस टीम में कुछ पाकिस्तानी खिलाड़ियों का नाम सामने आया था, जिसकी वजह से फैंस भी हैरान रह गए। एशिया वॉरियर्स का स्क्वाड आने के बाद धवन की आलोचना होने लगी। उनके इस कदम से फैंस भी हैरान हो गए कि वे पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे। हालांकि, इसके बाद बाएं हाथ के पूर्व बल्लेबाज ने इस इवेंट से खुद को दूर कर लिया है। उनका कहना है कि वे इस लीग से नहीं जुड़े हैं और इसमें खेलते हुए नहीं दिखेंगे। धवन ने लीग में खेलने से जुड़ी किसी भी खबरों पर भरोसा नहीं करने का भी आग्रह किया है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मिला करियर निर्माण का अवसर, 47 विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन

धर्मेन्द्र गुप्ता



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय विदिशा में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रोजगार एवं व्यावसायिक कौशल से जोड़ने की दिशा में Hewlett Packard Enterprise (HPE) के सहयोग से वित्तीय अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम अंतर्गत ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन से आयोजित इस कैंपस ड्राइव में विद्यार्थियों को वित्तीय सेवा क्षेत्र में करियर निर्माण के साथ ही व्यावहारिक प्रशिक्षण और कॉर्पोरेट कार्यप्रणाली को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। कैंपस ड्राइव का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप रोजगारोन्मुख अवसर उपलब्ध कराना, व्यावसायिक दक्षताओं का विकास करना तथा उन्हें उद्योग जगत की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चयन प्रक्रिया में कुल 47 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 20 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा में सहभागिता की। लिखित परीक्षा के परिणाम एवं निर्धारित चयन प्रक्रिया के आधार पर 10 विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जाग्रति बघेल एवं कुलदीप पटवा का वित्तीय अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के लिए अंतिम रूप से चयन हुआ।विद्यार्थियों को कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने किया प्रेरित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि संचार कौशल, आत्मविश्वास, तकनीकी दक्षता और व्यावसायिक व्यवहार भी करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने निर्धारित लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हुए निरंतर सीखने और उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।कलेक्टर श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं एवं साक्षात्कार की तैयारी के साथ-साथ अपनी संवाद क्षमता और व्यावसायिक दक्षताओं को निरंतर बेहतर बनाने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंपस ड्राइव विद्यार्थियों को शिक्षा से रोजगार की ओर बढ़ने का व्यावहारिक मंच उपलब्ध कराते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे ऐसे अवसरों में सक्रिय सहभागिता कर अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से हुआ चयन-

HPE के तीन प्रतिनिधि सदस्यों प्रशांत एच.वी., सुजाता एस. एवं लोपली महापात्रा ने चयन प्रक्रिया को संपन्न कराया। विद्यार्थियों की योग्यता एवं दक्षता का आकलन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। चयन प्रक्रिया में विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट क्षेत्र की चयन प्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिला। वित्तीय अप्रेंटिसशिप के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को वित्तीय क्षेत्र में कार्य करने, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने और कॉर्पोरेट जगत की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलेगा। यह अवसर विद्यार्थियों के लिए अपने कौशल को निखारने तथा भविष्य में बेहतर रोजगार की संभावनाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।महाविद्यालय में रोजगारोन्मुख अवसर उपलब्ध कराने पर जोर कार्यक्रम में आईटीआई महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कविता रघुवंशी, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय विदिशा की प्राचार्य डॉ. वनिता वाजपेयी, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों एवं महाविद्यालय परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को रोजगार एवं कौशल विकास से जुड़े अवसरों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वनिता वाजपेयी ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें रोजगारोन्मुख कौशल एवं व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों जाग्रति बघेल एवं कुलदीप पटवा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी ऐसे अवसरों का लाभ उठाने तथा लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर तैयारी करने का आह्वान किया। उद्योग जगत और विद्यार्थियों के बीच सेतु बना कैंपस ड्राइव HPE के सहयोग से आयोजित यह कैंपस ड्राइव विद्यार्थियों को सीधे उद्योग जगत से जोड़ने की दिशा में सार्थक पहल साबित हुआ। इससे विद्यार्थियों को रोजगार की संभावनाओं के साथ-साथ चयन प्रक्रिया, साक्षात्कार, कॉर्पोरेट कार्य संस्कृति और व्यावहारिक दक्षताओं की उपयोगिता को समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय की प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी श्रीमती श्वेता सोलंकी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजकमल प्रजापति सहित संबंधित प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के लिए विशेष शिविर संपन्न

धर्मेन्द्र गुप्ता



दस्तावेजों एवं शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने विशेष शिविर, मौके पर बनाए गए 12 आयुष्मान कार्ड

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के परिवारों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने तथा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में तहसील स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विदिशा तहसील एवं गुलाबगंज तहसील में विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में समुदाय के लोगों की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को समझते हुए उन्हें दस्तावेज एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल की गई। शिविर में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के लोगों से जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पात्र हितग्राहियों की जानकारी लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। शिविर के दौरान मौके पर ही 12 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, जिससे पात्र परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों एवं संबंधित विभाग के मैदानी अमले ने समुदाय के लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होने से हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। शिविरों का उद्देश्य ऐसे परिवारों तक शासन की सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, जो दस्तावेजों के अभाव अथवा अन्य कारणों से अब तक योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रहे हैं।





